# प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक– 24.04.2025

- **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार**–
  दिनांक 24.04.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिवराज तोमर मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त शेरअली उर्फ शेरखान पुत्र पुन्ना निवासी ग्राम भोजाहेडी थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को उच्च प्राथमिक स्कूल ग्राम भोजाहेडी के कच्चे रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 71/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना सिखेडा पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार**–
  दिनांक 24.04.2025 को थाना सिखेडा पर नियुक्त उ0नि0 श्री वेदप्रकाश सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 50/2025 धारा 109(1),352,351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र समन्दरपाल उर्फ मोटा निवासी ग्राम सिखेडा थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर को बेहडा अस्सा रोड रजवाहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 फावडा बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिखेडा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**–
  दिनांक 24.04.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री आदित्य भाटी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 125/2025 धारा 296,64(2),115(2),351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त शाहनजर पुत्र दोस्त मौहम्मद निवासी ग्राम किशनपुर थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को भोपा नहर पुल से आगे मुजफ्फरनगर रोड से गिरफ्तार किया गया।